p>

Title: Need to restrict import of edible oil in the country and to pen a Sports University in Indore, Madhya Pradesh.

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): महोदय, मैं आपका ध्यान ज्यादा मात्रा में खाद्य तेल के आयात के बारे में आकृष्ट करना चाहता हूं । इस कारण हमारी तेल की लोकल इंडस्ट्री पर संकट आ गया है और यही नहीं, जब तेल की इंडस्ट्रीज बंद हो रही हैं, तो काम करने वाले कर्मचारियों पर भी संकट पैदा हो गया है । अल्टीमेटली किसानों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है । मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि सरकार इस तरफ ध्यान दे और जो तेल इम्पोर्ट किया जा रहा है, उस पर विचार करे ।

महोदय, कल युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की अनुदान की मांगों पर बोलने का समय नहीं मिला, इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि इंदौर सांस्कृतिक और व्यावसायिक राजधानी है । मैं चाहता हूं कि वहां खेल का विश्वविद्यालय बने और 'साई' का स्थायी कार्यालय भी खुले । वहां इनडोर स्टेडियम की भी आवश्यकता है और पारम्परिक खेल भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेले जाएं ।